**आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 27.08.2025** **समय : 07.10 pm**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जापान की आधिकारिक यात्रा पर होंगे रवाना ।
- रक्षामंत्री ने कहा– भारत शांति के प्रति वचनबद्ध है, लेकिन किसी भी हमले का कड़ा जवाब दिया जाएगा।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम स्वनिधि योजना' के पुनर्गठन को दी मंजूरी ।
- हर्षोल्लास से मनायी जा रही गणेश चतुर्थी, पर्यावरण अनूकूल प्रतिमाओं की बढ़ी मांग।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**प्रधानमंत्री यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जापान की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे। श्री मोदी 29 और 30 अगस्त को जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ 15वें भारत–जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए जापान में रहेंगे। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए तोक्यो पूरी तरह तैयार है। भारत और जापान के बीच साझेदारी के एक नए युग की शुरुआत होगी। वर्तमान में लगभग 22 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ सेमीकंडक्टर, रक्षा एवं सुरक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढाँचा और गतिशीलता जैसे क्षेत्रों को काफ़ी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

**रण संवाद–2025**

भारत शांति के प्रति वचनबद्ध है, लेकिन वह किसी भी हमले का कड़ा जवाब देगा। यह बात रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने प्रदेश के आर्मी वॉर कॉलेज महू के कार्यक्रम "रण संवाद–2025" में कहीं। रक्षामंत्री ने कहा कि संघर्ष के बीच भी संवाद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत ने कभी किसी युद्ध या हमले की पहल नहीं की है। श्री सिंह ने कहा कि अगर चुनौती राष्ट्र के लिए आवश्यक बन जाती है तो यह पूरी शक्ति से जवाब देगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश को हमारी एकता, हमारे स्पष्ट इरादों और पूरी वचनबद्धता के साथ आगे ले जाना चाहिए। इस विश्वास के साथ हम 2047 की ओर बढ़ेंगे और देश को नई ऊंचाई तक ले जाएंगे। इस दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और लेफ्टिनेंट जनरल पीपी सिंह ने आर्मी वॉर कॉलेज में 'स्पेशल फोर्सेज ऑपरेशंस' और 'एयरबोर्न एवं हेलीबोर्न ऑपरेशंस' पर दो संयुक्त सिद्धांत जारी किए।

**कैबिनेट–पीएम स्वनिधि**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज 'प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि– पीएम स्वनिधि योजना' के पुनर्गठन को मंज़ूरी दे दी। मंत्रिमंडल ने ऋण अवधि को 31 दिसंबर 2024 से आगे बढ़ाकर 31 मार्च, 2030 तक कर दी है। पहली किस्त के ऋण को दस हज़ार रुपये से बढ़ाकर 15 हज़ार रुपये और दूसरी किस्त के ऋण को 20 हज़ार रुपये से बढ़ाकर 25 हज़ार रुपये कर दिया गया है, जबकि तीसरी किस्त 50 हज़ार रुपये पर अपरिवर्तित रहेगी। सरकार ने कोविड–19 महामारी के दौरान अभूतपूर्व कठिनाइयों का सामना करने वाले रेहड़ी–पटरी वालों की सहायता के लिए 1 जून 2020 को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना शुरू की थी। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 की बोली लगाने के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। बोली स्वीकार होने पर गुजरात सरकार को आवश्यक अनुदान सहायता देने को भी मंजूरी दी गई। राष्ट्रमंडल खेलों में 72 देशों के एथलीट भाग लेंगे।

**ग्लोबल स्पिरिचुअल टूरिज्म कॉन्क्लेव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन देश की आत्मा है। देश की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रमुख केंद्र है और इस ऊर्जा का मूल आधार स्वयं बाबा महाकाल हैं। मुख्यमंत्री उज्जैन में आयोजित ग्लोबल

स्पिरिचुअल टूरिज्म कॉन्क्लेव के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उज्जैन शहर आज देश की धार्मिक आस्था और परम्पराओं के संवाहक के रूप में प्रसिद्धि पाकर "द बेस्ट रिलीजिएस एण्ड स्पिरिचुअल डेस्टिनेशन" बन चुका है। कॉन्क्लेव में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि उज्जैन में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। पहले जितने लोग साल भर में आते थे, उतने अब एक से डेढ़ हफ्ते में आ जाते हैं।

मुख्यमंत्री ने अन्य कार्यक्रम में कहा कि विक्रम उद्योग पुरी में देश ही नहीं विदेश वाले भी उद्योग लगा रहे हैं।

**गणेश चतुर्थी प्रदेश**

देशभर में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है। प्रदेश में सरकार ने आज के दिन सामान्य अवकाश घोषित किया है। जगह–जगह पांडालों में गणेश जी की प्रतिमाएं विराजित हो रही हैं। गणेश चतुर्थी के के अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। धार जिले में इस वर्ष मिट्टी और गोबर से निर्मित गणेश प्रतिमाओं की भारी मांग रही है। जबलपुर में पर्यावरण–अनुकूल गणेशोत्सव का उत्साह देखने को मिल रहा है। घरों में बच्चे और बड़े मिलकर मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं बना रहे हैं। उधर, खंडवा एसपी मनोज कुमार राय अपने परिवार के साथ पुरानी अनाज मंडी पहुंचे और स्थानीय कारीगरों से मिट्टी की गणेश प्रतिमा खरीदी। एसपी मनोज कुमार राय ने कहा–

**शिवराज स्वदेशी**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल में कहा कि आज गणपति बप्पा पधार रहे हैं। श्री चौहान ने कहा कि हमारा देश आत्मविश्वास से भरा है, अन्न के भंडार भरे हुए हैं। हमारे वैज्ञानिक, किसान, उद्यमी, व्यापारी, नौजवान और 144 करोड़ भारतीय इतना सामर्थ्य रखते हैं कि दुनिया में हमारा देश सबसे आगे होगा। शिवराज सिंह चौहान ने कहा–

**ई–श्रम पोर्टल**

श्रम विभाग द्वारा प्रदेश के गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिकों तथा अन्य असंगठित श्रमिकों के पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 5 सितंबर तक ई–श्रम पोर्टल डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू. डॉट ई–श्रम डॉट जी.ओ.वी. डॉट इन पर पंजीयन किया जा सकता है। निःशुल्क पंजीयन के लिए आधार नंबर, आधार लिंक्ड मोबाइल नंबर तथा आई.एफ.एस.सी. कोड सहित बचत खाता क्रमांक की आवश्यकता होगी। मोबाइल के माध्यम से अथवा अपने निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर, आनलाइन दुकान यह पंजीयन करवाया जा सकता है। पंजीयन से संबंधित किसी भी जानकारी अथवा समस्या के निदान के लिए 07312432822 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के अवसर पर बैतूल में 29 अगस्त को केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उईके द्वारा सांसद खेल महोत्सव 2025 के रजिस्ट्रेशन का शुभारंभ किया जाएगा।
- गणेश चतुर्थी पर भोपाल के जी. पी. बिड़ला संग्रहालय भोपाल में प्रदर्शनी आयोजित की गई है। इस प्रदर्शनी में सेवानिवृत्त प्रधान जिला न्यायाधीश उमेश गुप्ता और योगेश गुप्ता द्वारा संकलित गणेश जी के छायाचित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई है।
- शहडोल जिले की ग्राम पंचायतों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, विद्यालयों में निर्मित शौचालयों और अन्य स्थानों की सफाई के लिए सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी।
- सतना में राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर 29 से 31 अगस्त 2025 तक राष्ट्रीय खेल दिवस फिट इंडिया के तहत दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स सतना में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

----------------------------